प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

वैज्ञानिक कुक्कुट पालन विषय पर तीन–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

पन्तनगर। 31 मार्च 2023। विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय के पशुधन उत्पादन प्रबंध विभाग में वैज्ञानिक कुक्कुट पालन विषय पर तीन–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 28–30 मार्च, 2023 को आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद पौड़ी गढ़वाल के 35 कृषकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के समापन सत्र के दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एस.पी. सिंह ने बताया कि उत्तराखण्ड में मुर्गी पालन रोजगार का एक महत्वपूर्ण अवसर बन सकता है। बैकयार्ड पोल्ट्री फार्मिंग में यदि वैज्ञानिक बिन्दुओं का समावेश कर लिया जाय तो ग्रामीण क्षेत्रों में न केवल पोषण आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकता है, अपितु जीवन यापन की जरूरतों को भी पूरा करने के लिए आय का जरिया बनाया जा सकता हैं। विभागाध्यक्ष डा. आर.के. शर्मा ने बताया की ब्रायलर पालन भी ग्रामीण इलाकों में छोटे स्तर पर लाभकारी सिद्ध हो रहा है। विभाग के प्राध्यापक एवं प्रशिक्षण के समन्वयक डा. अनिल कुमार ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण पशुपालन विभाग, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड द्वारा प्रायोजित व नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित था। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पहाड़ी क्षेत्रों में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के कृषकों को सफल व लाभप्रद मुर्गी पालन के विभिन्न आयामों के तकनीकी एवं व्यवहारिक ज्ञान से परिचित करवाना था। उक्त तीन–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में ब्रूड़िग प्रबंधन, पोषण व्यवस्था, रोग प्रबंधन, बटेर पालन, गिनी फाउल पालन आदि विषयों पर व्याख्यान दिये गयं साथ ही प्रायोगिक कार्यो के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। समापन सत्र के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण–पत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर विभाग के अन्य वैज्ञानिक डा. एस.के. सिंह, डा. ज्योति पलोड़, डा. शिव कुमार, डा बृजेश सिंह आदि उपस्थित थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते अधिष्ठाता डा. एस.पी. सिंह एवं अन्य।